16 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/16/2025 8:39 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 बुढ़ार में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



## खबर संक्षेप



### तीन घंटों के मशक्कत बाद विभाग ने कराया समतलीकरण

**बिजुरी।** थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मझौली-उमरदा समीप स्थित पिपरिया गांव के नदी की तलहटियों से कोयला माफियाओं द्वारा ताबड़-तोड़ बारुदी सुरंग करते हुए, भारी मात्रा में अवैध कोयला का उत्खनन किया जा रहा था, जिससे प्रति दिवस शासन-प्रशासन को जहां लाखों रूपए की आर्थिक क्षति पहुंच रही थी। वहीं स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर आमजन तरह-तरह के सवाल खड़ा करने लगे थे। खनिज विभाग की टीम स्थानीय बिजुरी पुलिस के साथ 14 अप्रैल की दोपहर ग्राम पंचायत मझौली-उमरदा स्थित पिपरिया गांव के नदी तलहटी में जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और 3 घंटों की मशक्कत के बाद उक्त स्थल को पाटकर, सभी मुहानों को बंद कराते हुए समतलीकरण कराया गया।

### जिपं सीईओ आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 60 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए आवेदन

**अनूपपुर।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए संचालित विशिष्ट संस्था एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) अनूपपुर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा सातवीं एवं नवमी में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर ने बताया कि कक्षा सातवीं में 4 बालक एवं 6 बालिका कुल 10 एवं कक्षा नवमी में मात्र एक बालिका की सीट रिक्त हैं।

### लाडली बहना योजना के हितग्राहियों की राशि अंतरित

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहनों के राशि अंतरण कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया। इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 1 लाख 27 हजार 340 लाड़ली बहनों के खातों में 15 करोड़ 38 लाख 82 हजार 400 की राशि अंतरित की।

### आए दिन होती है दुर्घटनाएं, मवेशी मालिक बेपरवाह

# सड़क से पशुओं को हटाने की कवायद फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की सड़कों को पशु मुक्त करने को लेकर शासन-प्रशासन से समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन वर्तमान में पुनः सभी कवायद फेल होती नजर आती है।

वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा शहर की सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए टीम का गठन किए हैं, जिनके द्वारा सड़कों से मवेशियों के लिए काम किया जा रहा है, लेकिन इस कार्य में चुनौती कम नहीं है, इसके कारण शहर के सभी क्षेत्रों से मवेशियों को हटाने की कवायद फेल साबित हो रही है। नपा की टीम बनाए जाने के बाद भी शहर के विभिन्न मार्गो में पशुओं का जमघट तो कही एक-दो मवेशी दिनभर दिखाई देते हैं, वहीं शाम ढलने के बाद भी शहर क्षेत्र के कई स्थानों पर मवेशियों को सड़क पर डेरा जमाए हुए देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार नपा द्वारा टीम गठित किए जाने के बाद भी पशु मुक्त सड़क नहीं हो पा रही है। टीम के द्वारा शहर के मध्य क्षेत्र के मुख्य मार्गो से शाम ढलने के बाद विचरण कर रह मवेशियों को खदेड़ कर रामानुज मिनी स्टेडियम में लाकर गेट बंद कर देते हैं।



रात्रि में सड़क पर बैठे मवेशी।

#### दुर्घटना की संभावना हमेशा रहती है

शहर के विभिन्न क्षेत्र के मार्गो पर आवारा पशुओं के विचरण के कारण सुगम यातायात व्यवस्था में बाधा बने हुए हैं, इसके कारण वाहन चालकों के लिए हमेशा ही आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व में सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना भी घटित हो चुकी है, जिसमें लोग भी चोटिल हुए हैं, वहीं आवारा पशु भी घायल हो चुके हैं। पशु पालक दिन होने के साथ अपने पशुओं को आवारा छोड़ देते हैं और दिनभर खोज खबर नहीं लेते, ऐसे पशु पालकों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

#### टीम के लिए चुनौती हैं आवारा पशु

शहर क्षेत्र की सड़कों से पशु मुक्त करने की दिशा में नपा द्वारा बनाई गई टीम के सदस्यों के लिए सड़क पर विचरण करने वाले चुनौती बने हुए हैं। यही कारण है कि मवेशी सड़कों पर दिन व रात में भी नजर आते हैं। बीते दिनों शाम ढलने के बाद फव्वारा चौक के पास मवेशियों का दल सड़क पर डेरा जमाए बैठा रहा। इसी तरह पुराने बस स्टैंड के पास भी मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है, इसके अलावा शहर के कई मार्ग पर जहां मवेशी रात में डेरा जमाए रहते हैं, इसके अलावा सुबह होने के साथ ही मवेशी सड़कों पर ही दिनभर नजर आते हैं। दिन के समय पशुओं को कहां छोड़ा जाए, इसकी कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं है, इसके कारण शहर की सड़कों पर दिनभर मवेशी इधर-उधर विचरण करते नजर आते हैं, जो नपा के गठित टीम के लिए कड़ी चुनौती से कम नहीं है।

# मसीही समाज के लोग कल मनाएंगे गुड फ्राइडे

### गिरजाघरों में जाकर करेंगे विशेष प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मसीही समाज के द्वारा 18 अप्रैल को श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ गुड फ्राईडे का पर्व मनाएंगे। इस मौके पर शहर सहित जिलेभर के विभिन्न गिरजाघरो में विशेष प्रार्थना सभा भी आयोजित की जाएगी, जहां प्रभु यीशु के बलिदान एवं उनके द्वारा मानवता के लिए दिए गए संदेशों को याद किया जाएगा।



जानकारी के अनुसार गुड फ्राईडे के अवसर पर समाज के लोगों के द्वारा उपवास रखकर इस दिन प्रभु यीशु को याद करते हैं। इस दिन को शोक व प्रार्थना के रूप में मनाया जाता है। जानकारी के अनुसार गुड फ्राईडे शोकपूर्ण दिन होता है, यह प्रभु यीशु के क्रुस पर चढ़ने से उनकी मृत्यु की याद में मनाया जाता है। मसीही समाज इस दिन गिरजाघरों में जाकर विशेष प्रार्थना सभा करते हैं, जहां प्रार्थना के अलावा फादर के द्वारा बाईबिल के उस अंश को पढ़कर बताते हैं,जब प्रभु यीशु द्वारा शुली पर चढ़ने के दौरान कहे थे। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों की आंखे नम हो जाती है। कुछ जगहों के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के क्रुस पर चढ़ने का मंचन भी किया जाता है। इस मौके पर समाज के लोग शोक मनाते है, कोई उत्सव इस दिन नहीं होता। गुड फ्राईडे के अवसर पर काफी संख्या में समाज के लोग गिरजाघरों में जुटते हैं।

#### तीसरे दिन मनाया जाएगा इस्टर पर्व

गुड फ्राईडे के दिन विरोधियों के द्वारा प्रभु यीशु को यातनाएं देते हुए शूली पर चढ़ाया गया था और उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु पुर्नजीवित हो उठे थे, इस्टर पर्व इसी घटना का स्मरण कराता है यह मृत्यु पर विजय का पर्व के रूप में मसीही समाज के लोगों के द्वारा खुशी से मनाया जाता है। जानकारी के अनुसार गुड फाईडे के तीसरे दिन रविवार को जब प्रभु यीशु पुर्नजीवित हो उठे, तब उन्होंने उन लोगों को माफ कर दिया था , जिन्होंने उन्हें कष्ट पहुंचाए थे, इसलिए इस्टर पर्व को प्ेरम क्षमा का संदेश देने वाला पर्व के रूप में याद करने के साथ मनाया जाता है। इस दिन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है।

#### उपवास होगा खत्म बनेंगे विशेष पकवान

मसीही समाज के लोगों का इस्टर पर्व के साथ ही चालिस दिनी उपवास समाप्त होगा। इस्टर के पूर्व समाज के लोगों के द्वारा प्रभु यीशु की याद में चालिस दिन का उपवास रखते हैं, जिससे आत्म नियंत्रण का अभ्यास हो सके जो परमेश्वर के साथ अपने संबंध को मजबूत कर सके। इस दौरान अपने पापों पर मनन करने और क्षमा मांगने का समय होता है। इस दौरान नियम संयम का पालन किया जाता है, जो इस्टर के साथ चालिस दिनों का उपवास समाप्त होता है। इस्टर पर्व को समाज के लोगों के द्वारा श्रद्धा व भक्ति के साथ खुशिया मनाते है। इस अवसर पर समाज के लोगों के घरों में विभिन्न तरह के पकवान भी बनाए जाते हैं साथ ही दिनभर एक-दूसरे को इस्टर पर्व की शुभकामनाएं देते हैं।

## मनरेगा अपर आयुक्त ने जरौंधा का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं निरंतर चला रही है। पात्र हितग्राही तक योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि आप सभी अपने ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं में जरूर शामिल हों। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और लोकसेवक आपको हर संभव मदद देने के लिए तत्पर हैं।

उक्ताशय के विचार अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने ग्राम पंचायत जरौंधा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए व्यक्त किए। एक दिवसीय निरीक्षण प्रवास पर एमसीबी जिले में पहुंचे अपर आयुक्त मनरेगा ने निर्धारित कार्यक्रम को तोड़ते हुए अचानक ग्राम पंचायत जरौंधा का भ्रमण किया और योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में समरसता दिवस पर आयोजित अनिवार्य ग्राम सभा में भी शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों को ग्राम सभा के महत्व, सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया और आवास सर्वे की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण कर उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच से बात की और सहायक परियोजना अधिकारी, एसडीओ आरईएस और तकनीकी सहायक तथा ग्राम रोजगार सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल के निर्देश पर मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले में अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद वह पंडो जनजाति के आवास हितग्राही श्री प्रवीण पंडो के निर्माणाधीन आवास को देखने पहुंचे। जनमन के हितग्राहियों के आवास के बाद उन्होंने अन्य पंचायतों में चेक डेम निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कूप निर्माण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से बन रहे सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया और वहां पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने ग्राम पंचायत में सात पंजी की जांच कर सभी को अनिवार्य रूप से नियमानुसार पंजी संधारण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते अपर आयुक्त।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण पर दें ध्यान

**अनुपपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशा-निर्देशन में तालाब, नदी, नालों, स्टॉप डेम, कुओं का जीर्णोद्धार तथा साफ-सफाई का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

अमरकंटक के रामघाट के दक्षिणी तट की साफ-सफाई का कार्य एवं जलीय खरपतवारों की सफाई की जा रही है। जल स्त्रोतों के सुधार तथा साफ-सफाई कार्यक्रम में स्थानीयजन का भी सहयोग श्रमदान के रूप में प्राप्त हो रहा है। जल संरक्षण, संवर्धन के लिए जल स्त्रोतों के उन्नयन के लिए श्रममूलक कार्य कराए जा रहे हैं। साफ-सफाई का अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों के नेतृत्व में जनजागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नगरीय निकाय अनूपपुर, बरगवां (अमलाई), जैतहरी, अमरकंटक, पसान, डोला, डूमरकछार, बिजुरी, कोतमा, बनगवां (राजनगर) द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

### सीएचसी के सामने प्याऊ घर का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा ग्रीष्मकाल के मद्देनजर एक पुनीत सेवा कार्य के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के सामने प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम जनमानस को शुद्ध व शीतल पेयजल, शरबत, खीरा एवं गुड़ उपलब्ध कराना है। यह सेवा कार्य राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं संयुक्त राज्य सचिव शिवानी गणवीर के निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेश एवं जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिकंदर सिदार, प्राचार्य अनिल सिंह, विनोद शर्मा, मंडल संयोजक रूपेश सिंह, प्रीतम रजक, गाइड कैप्टन सोनी कुमुदिनी राजपूत, आशा एक्का समेत अन्य गणमान्य नागरिक, स्काउट्स व गाइड्स उपस्थित रहे। इस पहल को श्रीमती कमलाबाई, मिश्रा बीज भंडार, पंकज साहू व प्रीतम फामेर्सी पटना से सहयोग प्राप्त हुआ है। गर्मी भर जनसहयोग से यह प्याऊ संचालित रहेगा।

### कलेक्टर कार्यालय से पोषण रथ रवाना



**बैकुण्ठपुर।** पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल के अंतर्गत बुधवार को जिला कलेक्टोरेट परिसर से पोषण रथ को अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम द्वारा हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के दूरस्थ गांवों में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, 5 वर्ष तक के बच्चों तथा एनीमिया व कुपोषण से पीड़ति लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करेगा। पोषण रथ के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सहयोग से उचित पोषण, शिशु देखभाल, मातृ स्वास्थ्य और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही विटामिन, प्रोटीन, टीका सहित स्वास्थ्यवर्धक आहार व दवाइयों के उपयोग से संबंधित सलाह भी दी जाएगी। रथ को रवाना करते हुए अपर कलेक्टर अरूण मरकाम ने कहा कि यह पहल निश्चित रूप से गांव-गांव में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाएगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में प्रेरित करेगी। इस अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहर में निकाली रैली, जिला डाक घर के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन

# संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही केन्द्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कथित दुरूपयोग के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय के डाकघर के सामने में कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से रैली निकालकर मुख्य डाकघर के समक्ष धरना दिया और केन्द्र सरकार तथा ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ईडी द्वारा कांग्रेस की पूर्व राष्टीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। यह न केवल कांग्रेस, बल्कि लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश है। कांग्रेसियों ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्ष को डराने और बदनाम करने का कार्य कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत हैं और इससे देश की जनता भी अब भ्रमित नहीं होगी।

धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, दीपक गुप्ता, रियाजुउद्दीन, सुमन दुबे, मनीष सिंह, लवी गुप्ता, संतोष गोयन, हीरालाल साहू, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



## खबर संक्षेप



### बतौली मे हुआ किशोर और किशोरियों का पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम

**बतौली/सेदम।** बतौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सी 3 संस्था द्वारा संगवारी कार्यक्रम के माध्यम से 287 पीयर एजुकेटर और संगवारी सदस्यों का पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य किशोर किशोरियों को विभिन्न सरकारी विभाग के योजनाओं की जानकारी देने तथा महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत विभाग का विजिट कराया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग ने बाल विवाह रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया साथ ही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बतौली थाना प्रभारी चंद्रप्रताप तिवारी द्वारा पुलिस विभाग की जानकारी बताया गया साथ ही साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा नियम, इत्यादि पर विस्तृत जानकारी दिया गया। जनपद पंचायत द्वारा पंचायत विभाग से जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किशोर स्वास्थ्य एवं परामर्श केन्द्र की सुविधाएं और आयुष्मान भारत योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

### दलित क्षेत्रों में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग चलाएगा स्वास्थ्य कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. आस्था महंत, डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल व प्राचार्य आदित्य सिंह द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत गीत, कविता पाठ और नाट्य मंचन भी आयोजित किए गए, जिनमें डॉ. अंबेडकर के विचारों और संघर्षों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आस्था महंत ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत के अलावा जाति प्रथा और ऊंच-नीच के भेदभाव को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि उसके कारण कई बार अपमान का सामना भी किया। इसी अन्याय के खिलाफ उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। कॉलेज के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने भी डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में समानता व शिक्षा के प्रसार के लिए प्रेरित किया। उन्होने बाबा साहेब के बारे में कुछ रोचक तथ्य भी बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर लगभग 9 भाषाओं के ज्ञाता थे। 21 वर्ष की उम्र तक लगभग सभी धर्मों का गहरा अध्ययन किया था। डॉ. अंबेडकर ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी विदेश में जाकर की थी। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थीं, जो उनकी शिक्षा और समर्पण को दर्शाती हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मोबाइल चोरी कर खाते से पार किया 99 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** गुदरी बाजार कें खरीदारी करने गए व्यक्ति का मोबाइल चोरी कर अज्ञात लागो ने उसके खाते से 99 हजार 878 रूपए पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार केदारपरपुर जोड़ा पीपल समीप निवासी प्रितपाल सिंह आ. सरदार अजीत सिंह गत दिन सुबह गुदरी बाजार में खरीदारी करने लगा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास रखे मोबाइल को चोरी कर लिया। साथ ही चोरी की गई मोबाइल से यूपीआई आईडी के माध्यम से अलग-अलग किस्तों मे कुल 99 हजार 878 रूपए पार कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर मोबाइल मालिक ने धोखाधड़ी कर उसके खाते से कई किस्तों में राशि आहरण की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी को मिले फांसी की सजा, सौंपा ज्ञापन



**भैयाथान।** सर्व यादव समाज ने दुर्ग की 6 वर्षीया बालिका के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या के दोषी को फांसी की सजा तथा पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा दिलाने की मांग की है तथा राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की है। जिलाध्यक्ष रामाशंकर यादव ने बताया कि 5 अप्रैल को दुर्ग जिला के मोहरनग थाना अंतर्गत ग्राम ओमनगर में 6 वर्षीया मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करना अक्षम्य अपराध है। मामले में सर्व यादव समाज ने हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने, मामले की न्यायिक जांच कराने एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान करने की मांग राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से की है। इस दौरान पारस यादव, कुंजलाल यादव, विभीषण यादव, मनोज यादव, नंद कुमार यादव, दीना यादव, संजय यादव, राजेश यादव, पिंटू यादव सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## गुणवत्ताहीन सीमेंट एवं नाले के रेत से हो रहा निर्माण

# टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की मनमानी बिना नींव के जंगल में बना रहे स्टॉप डेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य में निवासरत वन्य जीवों को पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर अधिकारी जमकर खानापूर्ति कर रहे हैं। योजना के तहत टाइगर रिजर्व के दूरस्थ क्षेत्रों नदी-नालों पर स्टॉप डेम के नाम पर गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। अधिकारी पर्यावरणीय एवं तकनीकी निर्देशों की अवहेलना कर निर्माण के नाम पर जमकर मनमानी कर रहे हैं।

**खास बात**
- नहीं ली गई तकनीकी एवं पर्यावरणीय स्वीकृति

गुरू घासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन हुए अभी 6 महीने भी नहीं हुए हैं और अधिकारियों ने निर्माण के नाम पर राशि हड़पना शुरू कर दिया है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-25 में वन्य जीवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जंगल के नदी-नालों पर विभिन्न संरचनाएं बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विभाग द्वारा आनन-फानन में अब निर्माण की शुरूआत की गई है टाईगर रिजर्व अंतर्गत रिहंद रेंज के रसौकी सर्किल स्थित केराझरिया नाला पर स्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व ही बीट गार्ड की देखरेख में निर्माण प्रारम्भ किया गया है। निर्माण को लेकर विभाग की गंभीरता एवं गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकारी नींव तैयार किए बिना ही स्टॉप डेम का निर्माण शुरू करा दिए हैं। निर्माण में शामिल राजमिस्त्री व मजदूर जमीन की सतह से आधार तैयार किए बिना स्टॉप डेम की ढलाई कर रहे है। निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्ताहीन सीमेंट, केरी झरिया नाला के रेत का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।



निर्माण कार्य में लगे मजदूर।

**तकनीकी निर्देशों की अवहेलना**

विभाग ने स्टॉप डेम निर्माण के लिए न तो कार्ययोजना बनाई है न ही इसकी तकनीकी एवं पर्यावरणीय स्वीकृति ली है। स्टॉप डेम निर्माण के लिए नक्शा तक तैयार नहीं किया गया है। तकनीकी स्वीकृति, कार्ययोजना, प्राक्कलन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति के बिना कोई भी शासकीय निर्माण अमानक माना जाता है। अन्य शासकीय विभागों में ऐसा निर्माण संभव भी नहीं है लेकिन विभाग के अधिकारी बेखौफ होकर इस तरह के गुणवत्ताहीन निर्माण करा रहे हैं। योजना अंतर्गत रिहंद परिक्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ छतरंज एवं लुल्ह बीट में भी स्टॉप डेम का निर्माण इसी तरह मनमानी पूर्वक किया जा रहा है। जिन स्थानों पर स्टॉप डेम का निर्माण किया जा रहा है वे विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के पहुंचविहीन इलाके हैं। लोगों में जागरूकता की कमी होने के कारण अधिकारी निर्माण के नाम पर जमकर खानापूर्ति कर रहे हैं।

**मार्च में आहरित कर ली थी राशि**

विभागीय सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों ने मार्च में ही फर्जी मस्टर रोल एवं निर्माण सामग्री का फर्जी बिल लगाकर स्टॉप डेम निर्माण की पूरी राशि आहरित कर ली थी। मामले में टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बिना निर्माण राशि आहरित करने का मामला लोगों के संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने आनन-फानन में निर्माण शुरू कराया।

**चल रहा निर्माण**

रसौकी सर्किल में स्टॉप डेम का निर्माण चल रहा है। स्टॉप डेम का निर्माण बिना नींव के किया जा रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। दो परिक्षेत्रों का चार्ज होने के कारण फिलहाल रामगढ़ में हूं।

-ललित साय पैकरा
गेम रेंजर, रिहंद परिक्षेत्र

निर्माण में सामग्री परिवहन एवं निर्माण स्थल के पेड़ों को ढहाने एवं परिवहन के लिए जेसीबी व ट्रैक्टर का भी उपयोग किया जा रहा है। जंगल में बिना नींव तैयार किए स्टॉपडेम का गुणवत्ताहीन निर्माण कराने की सूचना पर शनिवार को आसपास के ग्रामीण स्थल पर पहुंचकर विरोध जताया था। इस दौरान बीट गार्ड ने निर्माण का विरोध कर रहे ग्रामीणों को धमकी देकर भगा दिया था जिसके बाद विभाग के मनमानी की जानकारी लगी।



हनों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

## बाबा चौक के समीप पुलिस ने की वाहनों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कुसमी नगर पंचायत अंतर्गत जशपुर बाबा चौक में थाना प्रभारी द्वारा एमवी एक्ट के तहत वाहन चालकों की जांच कर कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित कुसमी एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में कुसमी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ कुसमी जशपुर बाबा चौक के समीप एमवी एक्ट के तहत सड़क पर आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन के चालकों की संघन जांच की। सभी वाहन चालक से कागजात की जांच की गई साथ ही चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। वाहन को धीमी गति से चलाने की सलाह देते हुए दो पहिया वाहन में दो व्यक्ति को ही सवार होने की समझाइश देते हुए शराब के नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की सलाह देते हुए घर अपने परिवार के लिए सुरक्षित आवागमन करने की बात कही। एमवी एक्ट के तहत दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन की जांच करने के दौरान थाना प्रभारी ललित यादव के अलावा पुलिस जवान मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।

## तमोर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में हर्रा टिकरा ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

तमोर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में हर्रा टिकरा की टीम ने तमोर हंटर्स की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तमोर प्रीमियर लीग के समापन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा व विशिष्ट आतिथ्य मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी के आतिथ्य में फाइनल मैच का समापन हुआ। अध्यक्षता समय लाल मिश्रा द्वारा किया गया।

रविवार को ग्राम तमोर में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें पहला फाइनल मैच हर्रा टिकरा बनाम श्याम नगर के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्रा टिकरा टीम ने 10 ओवर में 111 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्यामनगर टरम 10 ओवरों में 72 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच तमोर हंटर्स बनाम राजकिशोर नगर (सिरकी) के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए तमोर हंटर्स टीम ने 78 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए सिरसी टीम 9.3 ओवर में 74 बनाकर ऑल आउट हो गई। दोनों मैच में अच्छी गेंदबाजी करते हुए हर्रा टिकरा और तमोर हंटर्स कि टीम ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान राजेश कुमार, सोनू देवांगन, खिरोधन राजवाड़े, रोशन राजवाड़े सहित भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## सुशासन तिहार में सरगुजा में मिले 1.40 लाख से अधिक आवेदन

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में 8 से 11 अप्रैल तक सरगुजा के विभिन्न विकासखण्डों में 1.40 लाख से अधिक आवेदन मिले है। विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है। कलेक्टर ने सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए है। 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा तथा 5 मई से 31 मई तक जिलेभर में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑनलाइन समाधान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर अवधि में अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुशासन तिहार के तहत अब तक जिले में 1,40,904 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,38,635 मांग, 2,258 शिकायत एवं 11 अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। इसी तरह शहर के नगरीय निकाय क्षेत्र से मांग के 6777 और शिकायत के 921 कुल 7698 आवेदन मिले है। सीतापुर से मांग के 776 और शिकायत के 75 कुल 851 आवेदन, लखनपुर से मांग के 207 और शिकायत के 4 कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, पीएम आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, महतारी वंदन योजना, राजस्व प्रकरण के साथ ही स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**सेदम/बतौली।** बतौली में चार दिवसीय 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। आयोजकों ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मनुष्य में देवत्य के उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु नारी सशक्तिकरण 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन बगीचा रोड बतौली में किया गया है। यज्ञ के पूर्व मंगलवार को विशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य पिला वस्त्र में शामिल हुए। 124 कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा बुधवार से प्रारम्भ होगी। महायज्ञ के दौरान सुबह 6 बजे ध्यान साधना प्रज्ञा योग, 8 बजे देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ सायं 5 बजे प्रज्ञा पुरान कथा शुक्रवार तक होगी।

## ग्राम चिरगा के बेवरापारा में मिले डायरिया के 14 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के लुंड्रा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम चिरगा बेवरापारा में डायरिया की पुष्टि हुई है। गांव में 12 पहाड़ी कोरवा डायरिया से ग्रसित पाए गए है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया इसके साथ ही सभी 14 मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही मंगलवार को मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मरीजों का बेहतर उपचार करने और डायरिया से बचाव के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए है।

- पहाड़ी कोरवा बस्ती में उल्टी दस्त की शिकायत, लगाया गया कैम्प, कलेक्टर ने लिया जायजा



धौरपुर अस्पताल में भर्ती मरीज।

बताया जा रहा है कि विकासखंड लुंड्रा के चिरगा अंतर्गत ग्राम बेवरापारा में सोमवार की देर शाम कुछ मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत आई थी। गांव में ग्रामीणों को उल्टी दस्त होने की जानकारी मितानिन ने स्वास्थ्य विभाग को दी जिसके बाद देर रात से ही प्रभावित गांव में कैम्प लगा दिया गया था। इसके साथ ही सोमवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान यह बात सामने आई कि बेवरपारा में कुल 27 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास रत है और गांव में डायरिया के कुल 14 मरीज सामने आए है। मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत थी। मरीजों की हालत में सुधार नहीं होने पर सभी 14 पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद मरीजों की हालत में सुधार हुआ है। इसके साथ ही गांव में शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। ग्रामीणों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई है और स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

वहीं कलेक्टर ने गांव में पेयजल स्रोतों का जायजा लिया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी का सैंपल लेकर जांच कराए जाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के सम्बंध में जागरूक करें, टीम अलर्ट मोड में कार्य करें। जबकि सम्बन्धित अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल हेतु ग्राम में कुंआ एवं बोरवेल निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

## विधायक ने 18 मानस मंडलियों को प्रदान किया 1 लाख 74 हजार का चेक

**डांड़गांव।** उदयपुर मुख्यालय के 18 ग्राम पंचायतों के मानस मंडलियों को एक लाख चौहत्तर हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है।

विधायक राजेश अग्रवाल ने उदयपुर मुख्यालय के अलग अलग 18 ग्राम पंचायतों के भक्ति से जुड़े मानस मंडलियों को विधायक प्रतिनिधियों के हाथों से चेक प्रदान किया गया है। जिसमें सरस्वती संगम मानस मंडली पंडरी पानी, मां शारदा मानस मंडली कोटमी, सरस्वती मानस मंडली को 8-8 हजार, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उदयपुर, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खमरिया, गंगा श्री मानस मंडली सोनतराई, श्री राम सेवा मानस मंडली मोहनपुर, नवयुवक मानस मंडली ग्राम जजगी, कबीर दास मानस मंडली ग्राम केशगंवा, शिव मानस मंडली ग्राम झिरमिट्टी, युवा मानस मंडली ग्राम पुटा, सुगन्हारिन दाई मानस मंडली ग्राम लक्ष्मणगढ़, प्रेम सागर मानस मंडली ग्राम मानपुर, महादेव मानस मंडली ग्राम महेशपुर, सियाराम मानस मंडली ग्राम जजगा, हरे राम मानस मंडली ग्राम केशमा, , शिव चर्चा मंडली ग्राम केदमा को 10-10 हजार का चेक विधायक प्रतिनिधि के हाथों प्रदान किया गया। सभी मानस मंडली के पदाधिकारियों ने विधायक राजेश अग्रवाल की सराहना की।



## भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के नमनाकला प्रकाश नगर कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे है। बता दें कि शहर के नमनाकला प्रकाश नगर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथता का आयोजन 12 से 19 अप्रैल तक किया गया है।

12 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत हुई और 18 अप्रैल तक भागवत कथा सुनाई जाएगी। इस दौरान कथा के चौथे दिवस मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया और श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। भागवत कथा में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से पधारे आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में आए हुए समस्त विद्वानों द्वारा भागवत कथा एवं प्रवचन बहुत ही सुमधुर तरीके से सुनाई गई। इस दौरान आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान की भक्ति के अलावा इस संसार में कुछ भी नहीं है। इस जीवन का श्रेय ही भगवत भक्ति है तो जो क्षण हमारे जीवन में हमें मिले उसे सत्कर्म में लगाना चाहिए, तो सत्कर्म क्या है सत्कर्म सिर्फ और सिर्फ परहित है।

**राशि वसूलने कर्मचारियों को छूट रहा पसीना**

## ग्राम पंचायत सुवारपारा व सेदम में विद्युत विभाग का 2 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत सुवारपारा व सेदम में विद्युत विभाग का दो करोड़ बिजली बकाया है। हैरानी की बात तो यह है कि सात साल बाद बिजली विभाग जागा है और राशि वसूलने निकला है। अचानक गांव में बिजली विभाग के अधिकारी समेत कर्मचारियों के पहुंचने तथा बकाया बिल की मांग करने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। इधर विभाग के कर्मचारियों को भी राशि वसूलने में पसीने छूटने लगे है।


बतौली बिजली विभाग द्वारा दो गांव सेदम और सुवारपारा में विभाग के लगभग 2 करोड़ की राशि वसूलने मैदानी स्तर पर अपनी टीम के साथ मशक्कत कर रहे है। इधर उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा अचानक बिना सूचना के बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। गौरतलब है कि बतौली बिजली विभाग के ग्राम पंचायत सेदम और सुवारपारा में बिजली उपभोक्ताओं के ऊपर लगभग 2 करोड़ की राशि बकाया है। बतौली बिजली विभाग के अधिकारी एई आरपी सिंह द्वारा टीम गठित कर उपभोक्ताओं से बिजली बिल के बकाया राशि वसूलने घर घर भेजा जा रहा है। फील्ड कर्मचारी के साथ लगभग 15 लोगों की टीम अचानक उपभोक्ताओं के घर मीटर जांच कर ऑनलाइन बिल निकाल राशि की मांग कर रहे है। सक्षम उपभोक्ताओं द्वारा विभाग को बिजली बिल की राशि उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन मध्यम वर्गीय उपभोक्ता को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशि नहीं देने पर घर में लगे बिजली कनेक्शन को विभाग द्वारा काटा जा रहा है और विद्युत तार को जब्त किया जा रहा है। गांव में अचानक विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के आने तथा बकाया बिल राशि नहीं देने पर लाइन काट देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।



बकाएदारों से चर्चा करते विद्युत अधिकारी।

16-April- JAS-KORIYA-RAG-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/16/2025 8:08 PM Page 1





# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।



# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...

**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा आज

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के चुनाव उपरान्त नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों द्वारा पहली सामान्य सभा बुलाई गई है। जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल जिपं सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जिला पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधितों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा है।

### लापरवाही पर प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक निलंबित

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला अधेनूपारा में परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा में बैठाने के मामले में डीईओ ने प्रधानपाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षक नीतू केरकेट्टा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा में शामिल करने की शिकायत पर तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच में पांचवी की परीक्षा में अन्य छात्रा को शामिल करने की पुष्टि हुई है। प्रधान पाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षक नीलू केरकेट्टा का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर दोषी प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है।

### बिश्रामपुर महाप्रबंधक तिवारी का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक समेत कुल तैतीस माइनिंग अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक अजय तिवारी को कंपनी मुख्यालय बुला लिया गया है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक का प्रभार फिलहाल महाप्रबंधक संचालन डॉक्टर संजय सिंह ही संभालेंगे उन्हें क्षेत्रीय महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इनके अलावा चिरमिरी महाप्रबंधक नवीन श्रीवास्तव को भी बिलासपुर मुख्यालय बुलाया गया है। दीपक पंड्या कोरबा भी मुख्यालय अटैच किए गए हैं।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत, दो गंभीर



**राजपुर।** ग्राम सेवारी में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार को ग्राम अलखडीहा निवासी अघु आ. सरघु (50 वर्ष), गुड्डु आ. अंधू (35 वर्ष) एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से राजपुर से शंकरगढ़ की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम सेवारी के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पिता-पुत्र गंभीर रूप से घयल हो गए। दुर्घटना में मृत व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं दुर्घटनाकारी ट्रेक्टर का चालक फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। पुलिस मृतक के संबंध में जानकारी जुटा रही है। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया है।

### ढाई लाख के नशीले इंजेक्शन समेत दो बंदी

**राजपुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों से कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में एक युवती भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से ढाई लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम कर्रा निवासी सुनील जायसवाल व झारखण्ड के गढ़वा की पानपति सिंह झारखण्ड के गढ़वा से नशीला इंजेक्शन लेकर राजपुर की ओर आ रहे है।

## बाबा साहब की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

# बुढ़ार में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज/ बैकुण्ठपुर

भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर कोरिया जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सर्व अंबेडकर मूल निवासी विचार मंच कोरिया के तत्वाधान में यह आयोजन श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक संदेश के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम पंचायत बुढ़ार में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के अनावरण से हुई। प्रतिमा अनावरण के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई, इसमें काफी संख्या में माताएं, बहनें, युवा और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान बाबा साहब अमर रहें, संविधान जिंदाबाद जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। शोभायात्रा के पश्चात बैकुंठपुर के प्रेमाबाग प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक और सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। यहां दीप प्रज्जवलन, बुद्ध वंदना, त्रिशरण, पंचशील व संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मंच पर उपस्थित अतिथियों को बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुमन नायक एवं संजय कुर्रे ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन रविशंकर राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल व शैलेश शिवहरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना श्रीमती राजवाड़े, सदस्य गीता राजवाड़े, सुषमा कोराम, स्नेहलता उदय, राजेश साहू, सविता सोलंकी, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, कृष्ण बिहारी जायसवाल, मुख्तार अहमद, रविन्द्र सिंह, अनिल खटीक, विश्वास भगत, डीएल भास्कर, बीआर नायक, कृष्णा प्रजापति, राजेन्द्र सोलंकी, हीरालाल साहू, राजमन रवि, जवाहरलाल राजवाड़े, बिमला सोनवानी, गंगा राजवाड़े, सावित्री सोनवानी, रमेश रवि, दीपक तिर्की, धर्मजीत सोनवानी, राजेश कुजूर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के संघर्षों को याद कर मनाई गई अंबेडकर जयंती

मनेन्द्रगढ़। जिले के मनेन्द्रगढ़ स्थित गोंडवाना भवन में बाबा साहब के जीवन संघर्षों और उनके कार्यों को याद करते हुए अंबेडकर जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसटी, एससी, ओबीसी महासभा संयोजक अधिवक्ता रमेश सिंह की उपस्थिति में अंबेडकर के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। इसके पूर्व महासभा द्वारा रैली भी निकाली गई। ओबीसी महासभा के अध्यक्ष रामनरेश पटेल ने जयंती मनाने के साथ कर्म की महता पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा बताया गया कि हमें कर्म पर भरोसा रखना है तभी समाज आगे बढ़ेगा। पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ.विनय शंकर सिंह ने कहा कि शिक्षित और संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। यदि हम ऐसा करते हैं तो सफलता निश्चित मिलेगी। अधिवक्ता और महासभा के संरक्षक रमेश सिंह ने कहा कि आज के दिन विशेष ग्राम सभा तो रहता ही है साथ ही शासन स्तर में जिला स्तरीय कार्यालय में अंबेडकर जयंती मनाने के शासकीय आदेश के कारण सामाजिक सभा में उपस्थिति कम रही। इस अवसर पर शरण सिंह, रामनरेश पटेल, परमेश्वर सिंह, रमेश सिंह, रामगोपाल रवि, छत्रपाल रवि, अज्जू रवि, गुरु प्रसाद, ब्रह्म सिंह, नभाग सिंह अमर सिंह, भवन सिंह, जनकधारी रवि, सुभाष यादव, दलप्रताप उपस्थित रहे।





## बाबा साहब का जीवन समाज के लिए प्रेरणा

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर छग शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार एमसीबी जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट निर्देशानुसार और प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितेश उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह रही, जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न समाजों के प्रमुखों को मंच पर सम्मानित किया गया। जनपद सदस्य रामजीत लकड़ा ने डॉ. अंबेडकर की जयंती पर सामाजिक समरसता और न्याय की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने मोर दुवार साय सरकार जैसे अभियानों को ग्राम विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। जनपद सदस्य अनीता चौधरी ने बाबा साहब के संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए समानता, शिक्षा और अधिकार के सिद्धांतों को याद किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में भेदभाव और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और उनका यह संघर्ष आज भी समाज को प्रेरणा देता है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह ने इस अवसर पर बाबा साहब के योगदान की सराहना की और उनके विचारों को समाज के जागरण के रूप में बताया। बैठक में जनपद सदस्य अनिता सिंह, प्रिया, उजीत नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, सरपंच सोनू किन्नर, एनआरएलएम अधिकारी सिमेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक राजेश कुमार जैन, ई डिस्टिक मैनेजर नारायण सिंह पोर्ते, अभिषेक गुप्ता, तीनों विकासखंड़ के सरपंच और जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद कॉलेज में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलनोत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में तथा एलुमनी समिति प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी के संयोजन में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं (एलुमनी) का मिलनोत्सव आयोजित हुआ।

इस आयोजन में उपस्थित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सर्वप्रथम महाविद्यालय समिति द्वारा कुमकुम-रोली से टीका एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया और उन्हें महाविद्यालय का गौरव बताया। उन्होंने बताया कि इस मिलनोत्सव का उद्देश्य महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं से दोबारा संपर्क स्थापित कर संस्थान से उनका भावनात्मक जुड़ाव मजबूत करना एवं उनके कैरियर अनुभव और जीवन से जुड़ी सीखें वर्तमान छात्रों व शिक्षकों से साझा करना प्रमुख है। साथ ही महाविद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों व भावी योजनाओं से सभी को अवगत कराना ताकि हमारा एक सक्रिय एलुमनी एसोसिएशन हो। आपकी मदद से न केवल संस्था की गरिमा और गुणवत्ता में वृद्धि होती है, बल्कि यह नैक मूल्यांकन में भी महाविद्यालय को उच्च स्तर पर पहुंचाने में सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं एलुमनी प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी ने बताया कि इस मिलन समारोह का उद्देश्य केवल पुनर्मिलन नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है- यह एक ऐसा सेतु जो भूतपूर्व छात्रों को महाविद्यालय के वर्तमान और भविष्य से जोड़ता है। आप सभी एलुमनी, अपने अनुभव, संसाधन और सहयोग के माध्यम से इस संस्थान को और अधिक सशक्त बना सकते हैं, इसके पश्चात उपस्थित एलुमनी सतीश उपाध्याय, ज्योति मजूमदार, ममता राणा, रामचरित द्विवेदी, डॉ. अमूल्यचंद्र झा, मंजूलता कश्यप, सुमन पाठक, राकेश बेहरा एवं गोपाल गुप्ता ने अपने महाविद्यालय से जुड़ी बहुत सारी स्मृतियां साझा की एवं महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए कृत संकल्पित होकर हर संभव प्रयास करने की बात कही। सभी ने महाविद्यालय के इस अभिनव प्रयास की सराहना की। तत्पश्चात एलुमनी समिति के सदस्य डॉ. सुशील तिवारी एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अरूणिमा दत्ता ने महाविद्यालय के विकास में एलुमनी के योगदान को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में समिति सदस्य एवं एलुमनी भीमसेन भगत सहायक प्राध्यापक भूविज्ञान के द्वारा उपस्थित एलुमनी से आगे भी इसी तरह की सहयोग की अपेक्षा के साथ सभी के प्रति आभार जताया।

आयोजन को सफल बनाने में कार्यालयीन स्टॉफ रजिस्ट्रार यशवंत शाक्य, मनीष श्रीवास्तव, बीएल शुक्ला, सुनीत जॉनसन बाड़ा, मीना त्रिपाठी, साधना बुनकर, हेमंत सिंह, प्रदीप मलिक, पारस, सतीश सोनी एवं ममता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ग्रामीण महिलाएं जैविक खेती से बन रहीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड़ स्थित ग्राम केशगवां की महिलाएं अब जैविक खेती के जरिए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल गढ़ रही है।

यहां स्व-सहायता समूह की 20 महिलाओं ने उद्यानिकी विभाग की मदद से 3 एकड़ भूमि पर करेला, टमाटर, मिर्ची और लौकी जैसी मौसमी सब्जियों की खेती की है, इसमें रासायनिक खाद या कीटनाशकों का कोई प्रयोग नहीं किया गया। यह फसल अब खेतों में लहलहा रही है और इन महिलाओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और आशा की मुस्कान दिख रही है। विगत दिनों ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने खेतों का निरीक्षण किया और समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रयास महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर है, बल्कि इससे परिवार की आय में भी वृद्धि होगी। यहां कार्यरत महिलाओं ने बताया कि ये सब्जियां पूरी तरह जैविक हैं और इनका स्वाद बाजार की आम सब्जियों से अलग और अधिक पौष्टिक होगी। इन सब्जियों को स्थानीय थोक मंडियों और फुटकर विक्रेताओं को बेचा जाएगा, जिससे नियमित आय सुनिश्चित होगी। इस पहल से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास, सामाजिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। यह ग्रामीण महिलाएं अब खुद को किसान कहने में गर्व महसूस कर रही हैं। गांव की एक महिला सदस्य ने कहा कि पहले हम सिर्फ घर तक सीमित थीं, लेकिन कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन, मदद, सुझाव और हमारी मेहनत ने हमारी पहचान खेत और किसान बन गया है।

# दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 84 हजार रूपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- ओमान से लौटते ही पुलिस ने कोच्ची एयरपोर्ट पर किया गिरफ्तार



दुबई में बैठकर विदेशी कंपनी में अच्छा काम दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा लुक आउट नोटिस जारी किया गया था और जैसे ही वह ओमान से भारत के कोच्ची एयरपोर्ट पर पहुंचा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को लेकर बलरामपुर जिला आई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बचवार निवासी प्रेमनाथ गिरी आ. इश्वर चन्द्र गिरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र मनीष कुमार गिरी दस वर्षों से दुबई में रहकर काम कर रहा था। दुबई की उक्त कम्पनी के बंद होने के बाद मनीष गिरी दुबई से वापस घर आ गया था। इस दौरान यूपी देवरिया के गोरी बाजार हरपुर निवासी रामाशीष मधेशिया द्वारा मनीष कुमार गिरी को दुबई से फोन कर बताया गया कि एक अच्छे काम का ऑफर है और अगर वह कंपनी में काम करना चाहता है तो वह कंपनी में बात कर सकता है। काम के बदले में 1 लाख 20 हजार रूपए देना पड़ेगा इसके साथ ही एडवांस में 50 हजार रूपए की काम की गई। इसी दौरान मनीष कुमार गिरी को प्रशांत शशिधरन नायर का मोबाइल नम्बर दिया गया। जब मनीष कुमार गिरी ने प्रशांत शशिधरन नायर से बात की गई तो उसने बैंक ऑफ इंडिया का एक अकाउंट नंबर दिया जिसमें मनीष ने रामाशीष मधेशिया के कहने पर 30 नवम्बर 2021 और 16 मार्च 2022 को कुल 84 हजार रूपए डाल दिया। फोन पे के माध्यम से रूपए ट्रांसफर होने के बाद भी मनीष कुमार गिरी को ना ही दुबई जाने का वीजा मिला और ना ही टिकट मिला। इस दौरान रामाशीष मधेशिया, प्रशांत शशिधरन नायर, निशांत शशिधरन नायर उसे घुमाते रहे। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा वर्ष 2022 में भादवि की धारा 420, 34 का अपराध दर्ज कर जांच के दौरान यूपी देवरिया के गोरीबाजार हरपुर निवासी 32 वर्षीय रामाशीष मधेशिया आ. राजेन्द्र मधेशिया को गिरफ्तार आकर जेल भेज दिया गया था जबकि केरला त्रिवेंद्रम के विड पालुड पच्चापियो पालोंड निवासी 42 वर्षीय प्रशांत शशिधरन नयन आ. शशिधरन नायर फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। इस दौरान 11 अप्रैल को आरोपी प्रशांत शशिधरन नायर ओमान के मस्कट से भारत आया इस दौरान कोच्ची एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा आरोपी को पकड़कर बलरामपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को बलरामपुर लाने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
02 जून 2025
10 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन